## यदि मेरे घर पर छोटे बच्चे हैं और मुझे पीएसी में शामिल होने में दिलचस्पी है तो मुझे क्या करना चाहिए?

कई स्कूल जिन में माता पिता पीएसी की बैठकों में भाग ले रहे हैं, उन में बच्चों की देखभाल (चाइल्ड केअर) प्रदान की जाती है।

कृपया चाइल्ड केअर व्यवस्था के बारे में स्कूल के सचिव (सेक्रेटरी) से पूछें।

## हम अपने बच्चे के स्कूल में पीएसी के बारे में और अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

- स्कूल के समाचार पत्र (न्यूज़ लैटर) अथवा उसकी वेबसाइट द्वारा।
- स्कूल के कम्युनिटी बुलेटिन बोर्ड पर जानकारी के लिए देखें।
- स्कूल सचिव से पूछें।
- पी ए सी के बारे में अपनी भाषा में और अधिक जानकारी लेने के लिए स्कूल के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ या सैटलमेंट कार्यकर्ताओं (SWIS) से संपर्क स्थापित करें।

VSB

**“Parent Advisory Council”**

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# माता पिता सलाहकार समिति: पेरेंट एडवाईज़री कमिटी (पीएसी)



# आम तौर पर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर

*स्कूल की कम्युनिटी के सभी माता पिताओं का पीएसी में शामिल होने का स्वागत है ।*

*वे माता पिता जिन्हें अपनी अंग्रेजी भाषा के ज्ञान पर पूरा भरोसा नहीं है, उन्हें पूरी तरह से भाग लेने के लिए यथा संभव अनुवाद की सुविधा प्रदान की जा सकती है।*

*कई माता पिता जो कम्युनिटी के लिए नए होते हैं, वे किसी दोस्त या पड़ोसी के साथ आना पसंद करते हैं।*

## माता पिता सलाहकार समिति: पेरेंट एडवाईज़री कमिटी (पीएसी) क्या है?

ब्रिटिश कोलंबिया के हर पब्लिक स्कूल में एक माता पिता सलाहकार समिति: पेरेंट एडवाईज़री कमिटी होती है।

यह माता पिता एवं प्रशासकों के एक समुदाय से बनी होती है, और इसमें शिक्षक भी शामिल हो सकते हैं।

पीएसी के सदस्य आम तौर पर महीने में एक बार सायं काल में मिलते है।

## स्कूलों में पीएसी क्यों होती है?

पीएसी के मुख्य उद्देश्य हैं स्कूल और स्कूल कम्युनिटी को एक बेहतर, सुरक्षित जगह बनाना और लक्ष्यों और उद्देश्यों को निर्धारित करने के लिए चर्चा करना ।

पीएसी निम्नलिखित कार्य भी करती है:
- माता पिता को अपने बच्चों की शिक्षा में एक आवाज देना।
- विभिन्न मुद्दों के बारे में माता पिता को जानकारी प्रदान करना, और

- माता पिता को एक दूसरे से मिलने, मेलजोल और बात करने का मौका देना ।

## पीएसी स्कूल के लिए और क्या क्या कर सकती है?

स्कूलों में कई प्रकार की परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के तरीके खोजने के लिए पीएसी मदद करती है । जैसे कि:
- खेल के नए मैदान या जिम उपकरणों की खरीद।

- स्कूल के कंप्यूटर और / या कंप्यूटर प्रोग्राम का अपग्रेड।

- स्कूल के बगीचे की स्थापना या उसमें सुधार।
- विशेष कार्यक्रमों, उदाहरण के लिए धौंस बाज़ी (बुल्लिंग) रोकना, को स्थापित करने में सहायता।
- उन शिक्षकों की सहायता करना, जो व्यक्तिगत रूप से ऐसे विशेष कार्यक्रम कर रहें हैं जहां अतिरिक्त धन की आवश्यकता है।
- स्कूल वर्ष के दौरान विशेष त्यौहार और अवसर मनाने के आयोजन में सहायता।

## पीएसी में शामिल होने के क्या - क्या लाभ हैं?

पीएसी में शामिल होना ऐच्छिक है। हालांकि, शामिल होने से माता पिता को निम्न लिखित अवसर प्राप्त होते हैं :
- दूसरे माता पिता से मिलने की सुविधा ।
- स्कूल के बारे में अधिक जानकारी, और
- विचारों का योगदान और प्रश्न पूछने का मंच।



बी सी शिक्षा: सामाजिक ज़िम्मेदारी के साथ साथ सामाजिक, भावनात्मक, बौध्दिक, कलात्मक और शारीरिक विकास को बढ़ावा।